



# करंट से किसान की मौत, बच्चे भी चपेट में आए

**खास बातें**

- खेत में सिंचाई के लिए लिए गए कनेक्शन से फैले करंट की आशंका, परिवार को मुआवज़े की मांग
- बच्चा गंभीर – ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 8 फरवरी , ग्राम पंचायत त्योन्दा क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में किसान दिनेश कुशवाह की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका एक बच्चा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है. घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है.**





**जर्जर बिजली लाइनों पर कार्रवाई नहीं**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में कई जगह बिजली लाइनें जर्जर हालत में हैं और तार नीचे लटक रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है. उनका कहना है कि शिकायतों के बावजूद समय पर मरम्मत नहीं की जाती. परिजनों ने शासन–प्रशासन से आर्थिक सहायता और घायल बच्चे के समुचित इलाज की मांग की है. वहीं बिजली विभाग का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है.

जानकारी के अनुसार, दिनेश कुशवाह ने अपने खेत में फसल सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन लिया था. आशंका जताई जा रही है कि उसी कनेक्शन से खेत की तारबंदी में अवैध रूप से करंट प्रवाहित हो रहा था. सुबह पूजा करने के लिए दिनेश अपने दो बच्चों के साथ खेत की ओर जा रहे थे. इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गए.झटका इतना तेज था कि दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके एक बेटे को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया,जहां उसका इलाज जारी है. विद्युत मंडल सहायक प्रबंधक का कहना है मृतक को जिसके खेत से करंट लगा है उसने खेत की मोटर चलाने के लिए कनेक्शन लिया था और इस कनेक्शन से तार फेंसिंग में अवैध रूप से करंट बिछाया गया था सुबह पूजा करने के लिए दिनेश और उसके दो बच्चे साथ वहां से निकले तो तार में आ रहे करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही दिनेश की मौत हो गई और उनके एक लड़के को की करंट लगा है उसका इलाज जारी है ग्राम पंचायत त्योंदा सरपंच प्रतिनिधि श्री राम अहिरवार में विद्युत मंडल जी और टी आई से कहां है कि परिवार बहुत ज्यादा गरीब है मजदूरी करता था और अब उसके पत्नी मां और तीन बच्चे हैं शासन प्रशासन से उनको अधिक से अधिक मुआवजा दिलवाने की व्यवस्था करें जिससे उनका जीवन यापन हो सके.

# सूखी बेतवा की गोद में बैठकर किया चिंतन, आज कलेक्टर को ज्ञापन

- सर्वे में विशेषज्ञों को जोड़ने का आग्रह
- सूखती बेतवा पर एक बार फिर चिंता की लकीरें



**नवभारत न्यूज,**

**विदिशा, सर्वे में विशेषज्ञों को जोड़ने का आग्रह विदिशा , सूखती बेतवा पर एक बार फिर चिंता की लकीरें खिंच गईं. रविवार को सांस्कृतिक गौरव उत्थान सिविल सोसाइटी ने रंगई बाढ़ वाले गणेश मंदिर के पास नदी के बीच बैठक बुलाई. सदस्यों ने नदी के मध्य बैठकर बढ़ते प्रदूषण को रोकने और अविरल जलप्रवाह पर विचार-विमर्श किया.**

संस्था के सचिव देवेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि नपा की अकर्मण्यता के कारण शहरवासी प्रदूषित जल पीने को मजबूर हैं। नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत चल रहे सर्वे को भ्रष्ट अधिकारियों और अयोग्य नेताओं के हवाले नहीं किया जा सकता.

अतुल तिवारी ने सर्वे में समाजसेवी संस्थाओं के तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल करने का सुझाव दिया. नीरज चौरसिया ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बेतवा सुरक्षित दावे को मनगढ़ंत बताकर खारिज किया. उन्होंने कहा कि यह जमीनी हकीकत से कोसों दूर है. विवेक ठाकुर, प्रवेंद्र शर्मा, संजय तिवारी, राजकुमार पासी, जितेंद्र शास्त्री, डॉ. निर्मल चौरसिया और डॉ. शिवराज पीपरोदिया ने बेतवा जागरूकता अभियान को निरंतर चलाने पर जोर दिया. संगठन शीघ्र कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा, जिसमें नमामि गंगे सर्वे में सेवाभावी विशेषज्ञों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी. बेतवा, विदिशा की जीवनरेखा, अब कचरा और नालों से लबालब हो चुकी है. यदि समय रहते कदम न उठाए गए, तो इंदौर जैसी महामारी का खतरा मंडरा सकता है.

**एक नजर में**

## देवपुर में सीसी रोड बायपास मार्ग का भूमिपूजन आज

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** बाबा विश्वनाथ जी के दर्शनार्थियों की सुविधा एवं क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए सिरोंज्ञ्आरोन मार्ग से अहिरवार मोहल्ला होते हुए ग्राम देवपुर तक प्रस्तावित सीसी रोड बायपास मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा सोमवार को दोपहर 2 बजे किया जावेगा. यह सड़क लगभग 2 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित की जावेगी. कार्यक्रम का आयोजन बाबा विश्वनाथ मंदिर के पास, टीन शेड, ग्राम देवपुर में किया जावेगा. प्रस्तावित बायपास मार्ग के निर्माण से श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन की सुविधा के साथ ही ग्राम देवपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के विकास को भी नई गति मिलेगी.

## बदला मौसम का मिजाज, ठंड हुई कम

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**,एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है.रविवार शाम शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुलाबी ठंड का अहसास हुआ.दिनभर हल्की गर्मी के बाद शाम ढलते ही हवा में ठंडक बढ़ गई, जिससे लोगों को सर्दी का सुखद एहसास हुआ. शाम के समय गेहूं के खेतों के बीच ढलते सूरज की लालिमा ने मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया.आसमान में सुनहरी आभा और खेतों की हरियाली के बीच सूरज का धीरे-धीरे ओझल होना प्रकृति की सुंदर तस्वीर बन गया.

# वैश्य महासम्मेलन द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, वैश्य महासम्मेलन के पितृ पुरुष परम श्रद्धेय नाना जी की पुण्यतिथि पर आज दिनांक 8 फरवरी को जिला चिकित्सालय विदिशा के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया.**




जिसमें वैश्य समाज द्वारा सहभागिता प्रदान की एवं 8 यूनिट ब्लड डोनेशन कर ब्लडबैंक विदिशा को प्रदान किया गया. इस शिविर में प्रदेश सचिव केएन गुप्ता, जिला अध्यक्ष अवनेशजैन महामंत्री, महेंद्र बड़कुल उपाध्यक्ष, सुनील जैन सह महामंत्री, रामानंद मोर जिला युवा इकाई के अध्यक्ष विपिन जैन, जिला प्रभारी जयेश अग्रवाल, तहसील विदिशा प्रभारी अतुल शाह, हाइलैंस तहसील ग्यारसपुर के अध्यक्ष निर्देश जैन, नरेश राज साह, सिद्धार्थ गोयल, शुभम कुमावत एवं अन्य महानुभाव उपस्थित थे अतिथियों के द्वारा आदरणीय नानाजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए एवं युवा इकाई अध्यक्ष विपिन जैन द्वारा आभार व्यक्त किया गया.

# डी–मार्ट की निकाली अर्थी, व्यापारियों का विरोध जारी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, शहर में आज स्थानीय व्यापारियों और पावर डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के नेतृत्व में डी–मार्ट के प्रस्तावित आगमन के विरोध में अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला. व्यापारियों ने कंपनी के विरोध में प्रतीकात्मक शव यात्रा निकालकर अपना आक्रोश जताया. यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए नीम ताल गांधी चौक पहुंची, जहां महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समीप प्रतीकात्मक अर्थी रखकर विरोध दर्ज कराया गया.**



पिछले लगभग एक सप्ताह से शहर के व्यापारी डी–मार्ट जैसी बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के खिलाफ धरने पर बैठे हुए हैं. उनका कहना है कि ऐसे बड़े रिटेल स्टोर छोटे शहरों के पारंपरिक व्यापार और स्थानीय दुकानदारों की आजीविका के लिए गंभीर खतरा हैं. व्यापारियों की मांग है कि प्रशासन छोटे व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसी कंपनियों को अनुमति न दे. कार्यक्रम में पूर्व वित्त मंत्री राघव जी भाई भी पहुंचे और उन्होंने व्यापारियों के आंदोलन को समर्थन दिया. उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान भी ऐसे कई प्रस्ताव आए थे, लेकिन स्थानीय व्यापार पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए उन्हें स्वीकृति नहीं दी गई थी. उन्होंने आश्वासन दिया कि वे आगे भी व्यापारियों के साथ खड़े रहेंगे. इस प्रदर्शन में व्यापार महासंघ और विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों बड़ी सख्या में सहित लगभग व्यापारी मौजूद रहे. आयोजन की जानकारी संगठन के पदाधिकारियों द्वारा साझा की गई.

# गंजबासौदा में फिर बढ़ी सुअरों की समस्या, नागरिक हो रहे परेशान

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, नगर में एक बार फिर सूअरों की आवाजाही बढ़ने लगी है, जिससे नागरिकों की चिंता बढ़ गई है. कुछ समय पहले नगर पालिका परिषद ने अभियान चलाकर शहर को सूअर मुक्त किया था. बाहरी ठेकेदारों की मदद से सूअरों को पकड़कर बाहर भेजा गया था, जिससे शहर में साफ-सफाई बेहतर हुई और लोगों को गंदगी से राहत मिली थी.**

अब हालात फिर बिगड़ते नजर आ रहे हैं। खासकर पिछड़े वार्डों और बस्तियों में सूअर घूमते देखे जा रहे हैं. इससे गंदगी फैलने के साथ बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है. नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका की निगरानी कमजोर पड़ गई है. ग्रामीण इलाकों में जंगली सूअर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं. ग्रामीणों ने प्रशासन से इन्हें पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम तैनात करने की मांग की है. उधर, मृत पशुओं को उठाने वाले ठेकेदार की लापरवाही भी सामने आई है.

# 13 मांगों को लेकर शिक्षकों की रैली, सीएम के नाम दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, जिला विदिशा की जिला स्तरीय बैठक बाढ़ वाले श्री गणेश जी मंदिर के सभागृह में आयोजित की गई. बैठक में जिलेभर से आए शिक्षकों ने भाग लेकर 13 सूत्रीय मांगों पर चर्चा की और अपने भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की.**



शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली तथा नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना की मांग को प्रमुखता से उठाया. इसके साथ ही ई–अटेंडेंस प्रणाली का विरोध करते हुए इसे सामूहिक रूप से बंद करने का आह्वान किया गया. पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान सरकार को गंभीरता से करना चाहिए. प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल ने संबोधित करते हुए शिक्षकों से एकजुट रहने की अपील की. उन्होंने कहा कि संगठन की ताकत से ही मांगें मनवाई जा सकती हैं और वे शिक्षकों के हितों की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे. बैठक के बाद सैकड़ों शिक्षकों ने मंदिर से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला और मुख्यमंत्री के नाम 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा.

# आनंदपुर में रामकथा के तृतीय सौपान पर गूंजा तत्वज्ञान का संदेश



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, आनंदपुर स्थित श्री रामदास हनुमान मंदिर ट्रस्ट परिसर में आयोजित रामकथा के तृतीय सोपान में श्रद्धालुओं को गहन आध्यात्मिक ज्ञान का अमृतपान कराया गया. कथा व्यास स्वामी मैथिलीशरण जी ने लक्ष्मण और भगवान श्रीराम के संवाद के माध्यम से तत्वज्ञान की अत्यंत सूक्ष्म और मार्मिक व्याख्या प्रस्तुत की, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे.**

स्वामी जी ने कहा कि सम्पूर्ण सृष्टि में भगवान का दर्शन करना ही सच्चा ज्ञान है, जबकि अपने कार्यों की प्रशंसा सुनने की इच्छा अज्ञान का प्रतीक है. यह भावना मोह और अहंकार से जन्म लेती है, जो मनुष्य को सत्य से दूर ले जाती है. उन्होंने सत्संग की महिमा बताते हुए कहा कि संसार से असंग रहकर सत् के संग में रहना ही वास्तविक सत्संग है. यही वह मार्ग है जहाँ जिज्ञासा का समाधान होता है और मन के विकारों की निवृत्ति संभव होती है. ईश्वर के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए स्वामी जी ने बताया कि भगवान एकमेव अद्वितीय हैं—न उनका कोई सजातीय है, न विजातीय. हनुमान जी और भगवान राम के प्रथम मिलन प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने समझाया कि भगवान अपने ऊपर आरोपित गुणों का खंडन कर अपने वास्तविक ब्रह्म स्वरूप की ओर संकेत करते हैं. हनुमान जी की पहचान भक्ति, सेवा और पूर्ण समर्पण का आदर्श उदाहरण है. यह प्रसंग जीव और ईश्वर की नित्य सख्यता को भी प्रकट करता है, जो भक्ति मार्ग का मूल तत्व है. उक्त जानकारी आनंदपुर ट्रस्टी रवि उपाध्याय ने दी.

# नियम कानून आम जनता के लिए,सत्ता में बैठे लोग कानून से ऊपर

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा**,नगर पालिका परिषद द्वारा एवं प्रशासन मैं बैठे बड़े अधिकारियों के अनुसार नगर के मुख्य मार्ग महापुरुषों की प्रतिमाओं के आसपास विद्युत पौल तथा रेलवे स्टेशन से जय स्तंभ चौक तक सौंदर्य करण हेतु जो जालियां लगाई गई है उनके ऊपर होर्डिंग साइन बोर्ड बैनर आदि लगाने पर कार्यवाही के साफ आदेश है परंतु उन आदेशों की सत्ता से जुड़े नेता खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं प्रशासन मैं बैठे अधिकारी कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है नेताओं से कौन पंगा ले यह सोचकर वह चुप रहते हैं इस चक्कर में सभी घनचक्कर बने हुए हैं सत्ता की आड़ में सभी लोग झंडा बैनर होर्डिंग पोस्टर लग रहे हैं धर्म के नाम पर संस्था के नाम पर धार्मिक आयोजनों के नाम पर जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ के बैनर लगाए जा रहे हैं पाराशरी नदी की जालियों पर भी बैनर होर्डिंग लगा दिए गए हैं अब तो लोग मुख्य मार्ग पर जिनके भवन है उन पर भी बड़े–बड़े बैनर लग रहे हैं मकान मालिक विरोध नहीं कर पाता किससे करें विरोध दादागिरी करने लगते हैं लोग नियम कानून की धज्जियां उड़ाने लोगों पर कार्यवाही करने से बचते हैं अधिकारी बदमाश टपोरी किस्म के नेता बड़े नेताओं के मुंह लगे हुए हैं अब इस स्थिति में नियम कानून का पालन संभव नहीं है सैंया भए कोतवाल अब डर काहे का .

# सीएमएचओ ने की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

**विदिशा**, 8 फरवरी — सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नटेरन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) एवं ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. समीक्षा के दौरान सीएमएचओ ने सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, एमपीएस तथा एएनएम स्टाफ के कार्यों का बिंदुवार मूल्यांकन किया। उन्होंने यू–विन पोर्टल पर रियल टाइम एंट्री, हाई रिस्क प्रेग्नेंट वुमन (एचआरपीडब्ल्यू) की पहचान, एएनसी पंजीकरण, अनुमानित प्रसव तिथि की सही दर्जीकरण तथा चार अनिवार्य एएनसी जांचों की शत–प्रतिशत पूर्ति पर विशेष जोर दिया.डॉ. कुमार ने स्पष्ट कहा कि गर्भवती माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य की निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

**धार्मिक आयोजन** | **12 फरवरी से 15 फरवरी तक शीतलधाम विदिशा में वेदिका शिलान्यास**

# शीतलधाम में विराजमान प्रतिमाओं की हुई भव्य अगवानी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज की प्रेरणा एवं आचार्य श्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद से शीतलधाम विदिशा बर्रो वाले बाबा के मंदिर में विराजमान होने वाली 4 प्रतिमाओं की ऐतिहासिक एवं भव्य आगवानी विदिशा नगर में विराजमान निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभवसागर महाराज मुनि श्री निस्सीम सागर महाराज मुनि श्री संस्कार सागर महाराज स संघ सानिध्य में हजारों की संख्या श्रद्धालुओं के द्वारा की गई.**



जिससे पूरा नगर धर्ममय हो गया प्रवक्ता आविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया श्री जी की मंगल अगवानी जुलूस में समाज बंधु अनुशासित पंक्तियों में चलते नजर आए। जुलूस के अग्रभाग में चारों प्रतिमाएं रथ में चल रही थीं.

नगर के प्रमुख मार्गों से निकले जुलूस का जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भक्ति संगीत, जयघोष और मंगल पाठ के बीच वातावरण श्रद्धा, शांति और सौहार्द से ओतप्रोत हो उठा. इस अवसर पर संभवसागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा की समवशरण ऐसी जगह है जहां सबके लिए समान अवसर है. इसलिए प्रत्येक परिवार के प्रत्येक सदस्य से एक एक शिला वेदिका में विराजमान होनी चाहिए. ज्ञात हो कि 12 फरवरी से 15 फरवरी तक शीतलधाम विदिशा में वेदिका शिलान्यास का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यासागर नवयुवक मंडल सहित समस्त युवा वर्ग एवं महिला मंडलों की सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही. नगरवासियों ने इस भव्य आयोजन को सामाजिक एकता, धार्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों का अद्भुत संगम बताया.

# अव्यवस्थाओं के बीच हुई परीक्षा, भटकते रहे विद्यार्थी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, शहर के डंडापुर स्थित महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में रविवार तीन अलग-अलग बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन एक ही केंद्र पर किया गया. इस परीक्षा केंद्र पर उत्कृष्ट मॉडल स्कूल और सर्वोदय विद्यालय के परीक्षार्थी भी शामिल हुए. कुल 704 छात्र-छात्राएं रविवार इस केंद्र पर परीक्षा दे रहे हैं, जिससे सुबह के समय विद्यालय परिसर में काफी हलचल देखने को मिली.**



सुबह जब विद्यार्थी अपना रोल नंबर और कक्ष आवंटन देखने पहुंचे, तब कुछ समय के लिए भीड़ जैसी स्थिति बन गई. हालांकि, विद्यालय प्रशासन और ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों ने तुरंत व्यवस्था संभाल ली और छात्रों को सुव्यवस्थित तरीके से उनकी निर्धारित कक्षाओं तक पहुँचाया. इसके बाद परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में शुरू हो सकी.

केंद्राध्यक्ष सरोज मैना ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है. परीक्षा को सुचारु और नकलमुक्त ढंग से संपन्न कराने के लिए 44 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है. साथ ही सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए अतिरिक्त स्टाफ भी तैनात किया गया है. विद्यालय प्रबंधन द्वारा पेयजल, बैठने की उचित व्यवस्था और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. अभिभावकों को भी केंद्र के बाहर अनावश्यक भीड़ न लगाने की अपील की गई है.